Uttarakhand Foundation Day



Uttarakhand Foundation Day



Gpgc Kotdwara, Janki Panwar के साथ हैं.
13 नवंबर 2021 ·

आज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार,गढ़वाल में उत्तराखंड के 21वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित उत्तराखंड महोत्सव के अंतर्गत काव्य पाठ प्रतियोगिता जिसका शीर्षक हमारा प्यारा उत्तराखंड का आयोजन किया गया है ; जिसमें महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, इन उभरते कवियों ने जहाँ देवभूमि के अमोघ सौन्दर्य को उजागर किया वहीं यहाँ की पीड़ा को भी चित्रित किया; प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पीयूष सुन्द्रियाल एम.ए. तृतीय सेम., द्वितीय स्थान पर गुंजन बिष्ट बी... **और देखें**

+6

Sports Activities on Uttarakhand Foundation Day

Gpgc Kotdwara, Janki Panwar के साथ हैं.

11 नवंबर 2021 ·

उत्तराखंड महोत्सव के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार गढ़वाल में आज बैडमिंटन और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संजीव कुमार ने इस बात की जानकारी दी।

उन्होंने कहा, "उत्तराखंड के 21वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित 'उत्तराखंड महोत्सव' के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में पुरुष एवं महिला एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।"



Celebration of Mahatma Gandhi & Lal Bahadur Shastri Jayanti,Geeta, Quran, Bible and Guru Granth Sahib Paath



## Activities on NSS Foundation Day

Gpgc Kotdwara, Janki Panwar के साथ हैं.
24 सितंबर 2021 ·

Nss Day Celebration

आज दिनांक 24 सितंबर 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पवार जी ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर प्रोफेसर जानकी पवार ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य की चर्चा करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को बताया राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा वृक्षारोपण के पश्चात निबंध प्रतियोगिता तथा पोस्टर ... **और देखें**







Celebration of Hindi Divas

Gpgc Kotdwara, Amit Jaiswal के साथ हैं.
14 सितंबर 2021 ·

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आज दिनांक 14-09- 2021 को डॉ0 पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल मे *हिंदी दिवस* समारोह का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य प्रो0 सीमा चौधरी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ0 अमित जायसवाल ने हिंदी की वैज्ञानिकता को विस्तार से समझाया। प्रो0 मुरलीधर कुशवाहा ने हिंदी को आजादी की भाषा बताया तथा सह भाषा अंग्रेजी इतने वर्ष के बाद भी बनी हैं इस पर रोष प्रकट किय... **और देखें**



Awareness Rally on World no Tobacco Day



A poster and Debate competition on World Bee Day

**Gpgc Kotdwara**
20 मई 2022 ·

डॉ पीतांबर दत्त बर्थवाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में " विश्व मधुमक्खी -दिवस" का आयोजन -

आज दिनांक 20/05/2022 को डॉक्टर पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में *" विश्व मधुमक्खी- दिवस "के अवसर पर "मधु का संरक्षण -हर घंटे की जरूरत" शीर्षक पर आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो जानकी पंवार ने विगत दिवस हुए "मधुमक्खी- पालन" कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी एवं मधुमक्खी की महत्वता को भी बताय... **और देखें**



AWARENESS AND PLEDGE PROGRAMME ON VOTER DAY

Gpgc Kotdwara, Janki Panwar के साथ हैं.
25 जनवरी 2022 ·

आज दिनांक 25 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में स्वीप के यूथ मतदाताओं द्वारा मतदाता दिवस के अवसर पर पूर्वाह्न 11:00 बजे रोवर्स रेंजर्स के छात्र छात्राओ द्वारा संयुक्त रूप से शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ महंत मौर्य ने सभी युवा मतदाताओं को निर्वाचनो में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया तथा अपने आसपास के मतदाताओं को भी मताधिकार का प्रयोग करने के लि... **और देखें**



YOUTH VOTER AWARENESS CAMPAIGN

**Gpgc Kotdwara, Janki Panwar** के साथ हैं.

7 जनवरी 2022 ·

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार के दिशा निर्देशन में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में SWEEP के यूथ वोटर फेस्टिवल कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान शपथ मतदाता जागरूकता अभियान का अभियान का आयोजन SWEEP समिति तथा रोवर रेंजर के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।


महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ महंत मौर्य ने सभी विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई तथा SWEEP Wall का उद्घाटन किया गया। SWEEP Wall पर छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित मतदान जागरूकता संबंधी पोस्टर प... **और देखें**



AWARENESS PROGRAMME ON WORLD EARTH DAY



SKILLED EXAM TESTING CAMP



DR. PITAMBER DUTT BARTHWAL JAYANTI



CONDOLENCE MEET OF CHIEF OF DEFENCE STAFF GENRAL OF VIPIN RAWAT & SRIMATI MADHULIKA RAWAT

Gpgc Kotdwara, Gpgckotdwar Gpgc और Janki Panwar के साथ हैं.
9 दिसंबर 2021 ·

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल विपिन रावत एवं उनकी पत्नी स्व० श्रीमती मधुलिका रावत तथा 11 अन्य सैन्यकर्मियों के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा आहुत की गई। इस शोक सभा में प्राचार्य प्रो० जानकी पंवार ने बताया कि जनरल विपिन रावत देश के पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्हे चीफ़ ऑफ डिफेंस के पद पर नियुक्त किया गया था। विमान हादसे में उनके निधन से भारत ने अपनी सुरक्षा में विशेष योगदान देने वाले एक वीर सैनिक को खो दिया, उन्होंने कहा कि जनरल रावत एवं उनकी पत्... **और देखें**



WORLD BEE DAY

# विश्व मधुमक्खी दिवस पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन



**लोक संहिता प्रतिनिधि**

कोटद्वार। विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर डॉक्टर पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार मे मधु का संरक्षण हर घंटे की जरूरत शीर्षक पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 जानकी पंवार ने विगत दिवस हुए मधुमक्खी–पालन कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी एवं मधुमक्खी की महत्वता को भी बताया। महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ0 सुनीता नेगी ने छात्र–छात्राओ को मधुमक्खी की मानव –जीवन मे महत्वता को बताया। साथ ही यह भी बताया कि इनके बिना मानव–जीवन की कल्पना भी नही की जा सकती। मधुमक्खियां पर्यावरण के लिए अत्यंत लाभदायक होती है तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने मे भी सहायक होती है। बायोटेक विभाग की प्राध्यापिका प्रियंका डोभाल ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह बताया कि विश्व मधुमक्खी दिवस स्लोवेनिया देश के विशेष योगदान के कारण यूनाइटेड नेशन द्वारा 2018 से मनाया जाता है। साथ ही यह भी बताया कि एक मधुमक्खी अपने पूरे जीवन काल मे एक छोटी चम्मच के 1/12 भाग ही शहद बनाती है, इसलिए हमे मधुमक्खी की अहमियत को समझना चाहिए और उनके संरक्षण के लिए भरपूर प्रयास करना चाहिए इस अवसर पर महाविद्यालय मे भाषण, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता मे राहुल रावत ने प्रथम,गुंजन ने द्वितीय एवं विवेक पहरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और पोस्टर प्रतियोगिता मे ऐश्वर्या देवरानी ने प्रथम,दिशा सती ने द्वितीय एवं प्रियांशी चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि क्विज प्रतियोगिता मे गुंजन ने प्रथम, मानसी ने द्वितीय एवं राहुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रतियोगिताओं में डॉ0 तनु मित्तल, डॉ0 शोभा रावत एवं डॉ0 विनोद ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर डॉ0 सुनैना शर्मा,अंकेश चौहान, आशीष चार्ल्स,विमल त्यागी, जागृति चौहान,श्रीमती अंजलि, राकेश कुमार एवं समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## आज रूद्रप्रयाग जनपद पहुंचेगे सतपाल महाराज

**लोक संहिता प्रतिनिधि**

रूद्रप्रयाग। प्रदेश के लोक निर्माण विभाग

WORLD TOBACCO DAY



WORLD TOBACCO DAY



WORLD YOGA DAY



WORLD YOGA DAY



# NATIONAL SCIENCE DAY

**Gpgc Kotdwara**
28 फ़रवरी 2022 ·

राजकीय महाविध्यालय कोटद्वार में बायोटेक विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में मॉडल व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

डॉक्टर पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के बायोटेक विभाग में दिनांक 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष में पोस्टर व मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता का विषय था "जैविक हथियार" महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया व कार्यशील मॉडल एवं पोस्टर प्रस्तुत किये। महा वि... **और देखें**





WORLD ENVIONMENT DAY



WORLD BEE DAY

Gpgc Kotdwara
21 मई 2022 ·

Media Coverage

## िश्व मधुमक्खी दिवस पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन



## ालय में संगीत विभाग की अध्यक्ष बनी शिवांगी ध्



### आज रूद्रप्रयाग जनपद पहुंचेंगे सतपाल महाराज


## महाविद्यालय के समाजशास्र विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित




महाविद्यालय कोटद्वार में विश्व मधुमक्खी दिवस पर 'मधु का संरक्षण, हर घंटे की जरूरत' शीर्षक पर आयोजित गोष्ठी में पारिस्थितिकी संतुलन के लिए मधुमक्खियों के संरक्षण पर जोर दिया गया।

प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने मानव जीवन में मधुमक्खी के महत्व को बताया। डॉ. सुनीता नेगी ने कहा कि मधुमक्खियां पारिस्थितिकी संतुलन और पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक

YUVA DIWAS


0 B/s
23:18
75%
Dr. Kishor Chauh...
Today, 21:53
युवा दिवस-12 जनवरी
स्वामी विवेकानन्द के विचारों की प्रासांगिकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता
युवाओं के व्यक्तित्व विकास में स्वामी विवेकानन्द के विचारों की प्रासांगिकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता 12 जनवरी 2022 का आयोजन ऑनलाइन मोड में किया जा रहा है।
उत्तराखण्ड राज्य के विद्यार्थी जो किसी भी उत्तराखण्ड के राजकीय महाविद्यालय एवं मान्यता प्राप्त महाविद्यालय के पंजीकृत छात्र या छात्रा हो, अपना निबन्ध न्यूनतम 1500 और अधिकतम 2500 शब्द दिनांक 12-01-2022 तक ईमेल uhri1@yahoo.co.in पर मेल करें।
पुरस्कार
प्रतियोगिता में प्रतिभाग करके प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को प्रमाण-पत्र निर्गत किया जायेगा।
आयोजक
डॉ० पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार
प्रो० जानकी पंवार
संरक्षक व प्राचार्य
डॉ० किशोर चौहान
संयोजक व वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना
डॉ० संतोष कुमार गुप्ता
सह संयोजक

VOTER AWARENESS RALLY



VOTER AWARENESS RALL



VOTER AWARENESS RALLY



LECTURE ON VALUES BY MLA SHRI DILIP RAWAT





अमर उजाला | कोटद्वार | 17 जुलाई 2021

# पेड़ लगाकर दुनिया में हरियाली का संदेश पहुंचाएं

हरेला पर्व के उपलक्ष्य में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प, पीजी कालेज कोटद्वार, रिखणीखाल और भाबर में हुआ कार्यक्रम

## 70 बच्चों ने किया प्रतिभाग

# अमर उजाला

कोटद्वार

शनिवार, 10 जुलाई 2021



पीजी कॉलेज कोटद्वार में पौधारोपण करातीं प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार। अमर

## एनएसएस स्वयंसेवियों ने रोपे पौधे

डॉ. तनु मित्तल

दैनिक

# लोक संहिता

विश्वास आपका

14 सितम्बर 2021

## राजकीय महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया हिंदी दिवस समारोह

लोक संहिता प्रतिनिधि

कोटद्वार। हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर डॉ0 पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य प्रो0 सीमा चौधरी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ0 अमित जायसवाल ने हिंदी की वैज्ञानिकता को विस्तार से समझाया। प्रो0 मुरलीधर कुमावत ने हिंदी को जनजनों की भाषा बताया तथा वह भाषा अंग्रेजी इतने वर्ष के बाद भी बनी है इस पर रोष प्रकट किया। संविधान की धारा की हिंदी दिवस को मनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ0अर्चना रानी ने राष्ट्र की बिंदी है हिंदी पर जोरदार कविता पाठ से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसी



क्रम में डॉ0 सुमन कुकरेती ने हिंदी दिवस की उपयोगिता पर विचार प्रकट करते हुए हिंदी की बोलियों को भी महत्व देने की बात कही। स्नातकोत्तर छात्र पीयूष ने हिंदी वर्तमान भाषा पर प्रश्न करते हुए हिंदी भाषा को सम्मान देने की बात कही और हिंदी की प्रभावशीलता के बारे में बताया। डॉ0 अभिषेक गोयल ने हिंदी दिवस मनाते क्यों हो पर प्रश्न कर उसकी दिशा और दशा के बारे में बताया। डॉ0संत कुमार ने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए एक मिशन के रूप में कार्य करने को प्रेरित किया। इसी क्रम में हिंदी विभाग प्रभारी डॉ0 शोभा रावत ने कहा कि हिंदी भाषा को उसकी संवैधानिक स्थिति तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए तथा हिंदी में रोजगारपरक पाठ्यक्रम के माध्यम से हिंदी के महत्व की बात की।

समारोह के अंत में प्रो0 सीमा चौधरी ने हिंदी दिवस पर और अधिक विस्तार से चर्चा करते हुए कहा की हिंदी भाव अभिव्यक्ति की भाषा है और हिंदी बनाम अंग्रेजी या अन्य भाषा नहीं होनी चाहिए, हिंदी हमारी संस्कृति से भी जुड़ी हुई है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे दीक्षित कुमार ने हिंदी को व्यावहारिक रूप में प्रयोग करने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापक गण मौजूद रहे।

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार



17 दिसम्बर 2021

# प्राचार्य ने एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित

## गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में प्रतिभाग कर लौटे कैडेट्स



जयन्त प्रतिनिधि। [illegible]

① Anu

② Puchayr

③ Ravi Bin

④ Shoundy

मीडिया प्रभारी
Anu 05/02/2022
-डॉ. तनु मित्तल

दैनिक
# लोक संहिता
विश्वास आपका

12 नवम्बर 2021

## महाविद्यालय के छात्रों ने शहर में निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**लोक संहिता प्रतिनिधि**

कोटद्वार। उत्तराखंड राज्य के 21वें स्थापना दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में छात्र- छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को संबोधित करते हुए डॉ0 अनुपम अग्रवाल द्वारा मतदान संबंधी विभिन्न जानकारियां दी गई। प्रभारी प्राचार्य प्रो0 सीमा चौधरी द्वारा छात्र–छात्राओं से अपने मतदान पहचान पत्र को अवश्य बनाने तथा मतदान करने की अपील की गई। डॉ0 किशोर चौहान द्वारा रैली को मतदान संबंधित विभिन्न जानकारियां देते हुए शहर वासियों को रैली में नारों द्वारा जागरूक करने का संदेश देने का आह्वान किया गया। इसके बाद छात्र–छात्राओं की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। छात्र–छात्राओं की रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अपने नारों के माध्यम से शहर वासियों को मतदान के लिए आग्रह किया गया। रैली में डॉ0 संतोष गुप्ता, रंजना सिंह, अर्चना पालिया तथा मुख्य कार्यक्रम अधिकारी किशोर चौहान उपस्थित रहे।

## ...म की मजबूती के लिए ...न करने की अपील

...र महाविद्यालय के छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली



कोटद्वार 14 नवम्बर 2021 लोकसंहिता

# उत्तराखंड के विकास में पलायन एक बाधा विषय पर महाविद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न



लोक संहिता प्रतिनिधि कोटद्वार। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आज डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में उत्तराखंड के विकास में पलायन एक मुख्य बाधा है विषय पर एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 32 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पीयूष सुंद्रियाल (एम. ए. तृतीय सेमेस्टर), द्वितीय स्थान पर दिव्यांशी देवरानी (बीएड प्रथम वर्ष) तथा तृतीय स्थान पर मोहम्मद फरीदीन (बी.एस.सी. प्रथम वर्ष) रहे। इस अवसर पर प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ0 प्रीति रानी, विभागाध्यक्षा, वाणिज्य संकाय ने बताया कि उत्तराखंड में शिक्षा रोजगार तथा बुनियादी सुविधाओं के अभाव में पलायन हो रहा है। इन बाधाओं को दूर करके पलायन को रोककर उत्तराखंड के विकास में बढ़ा जा सकता है। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर सीमा चौधरी ने उत्तराखंड के विकास के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस प्रतियोगिता में डॉक्टर एमडी कुकसाल, डॉक्टर सतीश मौर्या तथा डॉ0 शोभिता ने निर्णायक मंडल की भूमिका अदा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 जुनीष कुमार ने प्रतियोगिता का संचालन किया।

मंच का संचालन कर रहे डॉक्टर जुनीष कुमार, प्रतियोगिता की सदस्य डा0 अभिलाषा बंसल तथा श्रीमती रचना पाल ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।



गढ़वाल जागरण देहरादून, 14 नवंबर, 2021 दैनिक जागरण 11

# वाद-विवाद और काव्य पाठ में पीयूष अव्वल

जागरण संवाददाता, कोटद्वार: उत्तराखंड महोत्सव के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 'उत्तराखंड के विकास में पलायन एक मुख्य बाधा' विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में पीयूष सुंद्रियाल ने प्रथम स्थान पाया।

डा.अंशिका बंसल के संयोजकत्व में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में पीयूष सुंद्रियाल (एमए तृतीय सेमेस्टर) ने प्रथम, दिव्यांशी देवरानी (बीएड प्रथम वर्ष) ने द्वितीय और मोहम्मद फरीदीन (बीएससी प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान पाया। प्रतियोगिता में डा.एमडी कुशवाहा, डा.महेश मौर्य व डा.प्रीति निर्णायक की भूमिका में रहे। संचालन डा.सुनील कुमार ने किया। डा.सुनीता नेगी के संयोजकत्व में आयोजित "उत्तराखंड में कोविड-वैक्सीन अभियान" विषय में आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में रश्मी (बीएससी प्रथम वर्ष) ने प्रथम, स्वर्णिमा रिठवाल (बीए तृतीय वर्ष) ने द्वितीय और मानसी (एमएससी तृतीय) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डा.ऋचा जैन, डा.शोभा रावत व डा.सोमेश डोहियाल रहे। 'हमारा प्यारा उत्तराखंड' विषय पर आयोजित काव्य पाठ प्रतियोगिता में युवा कवियों ने जहां देवभूमि के अतुलनीय सौंदर्य को शब्दों में पिरोया, वहीं पलायन सहित कई विषयों पर भी चिंता जताई गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पीयूष सुंद्रियाल, द्वितीय स्थान पर गुंजन बिष्ट और तृतीय स्थान पर [illegible] रहीं।

निर्णायक मंडल में डा.सोमेश डोहियाल, डा.प्रियम अग्रवाल और डा.सुमन कु[illegible] रहे। इसी क्रम में आयोजित व्याख्यान के [illegible] डा.भगवत सिंह रावत ने राज्य की आर्थिक[illegible] महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कोटद्वार के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी के विचार सुनते शिक्षक व विद्यार्थी • सौजन्य : महाविद्यालय प्रशासन

उत्तराखंड में कोविड-वैक्सीन विषय में आयोजित स्लोगन ...की (बीएससी प्रथम वर्ष) ने ...रिठवाल (बीए तृतीय वर्ष) ... पर आयोजित काव्य पाठ प्रतियोगिता में युवा कवियों ने जहां देवभूमि के अतुलनीय सौंदर्य को शब्दों में पिरोया, वहीं पलायन सहित कई विषयों पर भी चिंता जताई गई। प्रतियोगिता में ... डा.प्रियम अग्रवाल और डा.सुमन ... रहे। इसी क्रम में आयोजित व्याख्यान में डा.भगवत सिंह रावत ने राज्य की आर्थि... महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

05 • देहरादून • रविवार • 14 नवंबर 2021 • हिन्दुस्तान

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में पीयूष ने मारी बाजी

कोटद्वार | संवाददाता

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में उत्तराखंड महोत्सव के तहत उत्तराखंड के विकास में पलायन एक मुख्य बाधा विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पीयूष सुंद्रियाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता की संयोजिका वाणिज्य संकाय की विभागाध्यक्षा डा.प्रीति रानी ने बताया कि उत्तराखंड में शिक्षा रोजगार तथा बुनियादी सुविधाओं के अभाव में पलायन हो रहा है। इन बाधाओं को दूर करके पलायन को रोका जा सकता है। प्रभारी प्राचार्या डा.सीमा चौधरी ने उत्तराखंड के विकास के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

इस दौरान प्रतियोगिता में पीयूष सुंद्रियाल ने प्रथम, दिव्याक्षी देवरानी ने द्वितीय एवं मोहम्मद फरीदीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में डा.एमडी कुशवाहा, डा.मर्हथ मौर्या तथा डा. योगिता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

इस अवसर पर डा. जुनीष कुमार, डा.अंशिका बंसल, रचना पाल, पी एन यादव, डा.भगवत सिंह रावत, डा. रोशनी असवाल, डा संदीप अग्रवाल, डा.अंकेश कुमार, डा. सूर्य मोहन, डा. धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला
देहरादून | रविवार, 14 नवंबर 2021
4

# भाषण प्रतियोगिता में स्वाति प्रथम

## महाविद्यालय कोटद्वार भाबर में उत्तराखंड महोत्सव के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

कण्वघाटी। राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार भाबर में उत्तराखंड महोत्सव के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान हुई भाषण प्रतियोगिता में स्वाति ध्यानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डीसी अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर कला संकाय की छात्रा सुजल, अंकिता, रिया, नीलम, प्रिया, रंजीता, अनिता ने गढ़वाली लोकगीत धरती हमरा गढ़वाल की... की प्रस्तुति दी। इसके बाद सांस्कृतिक परिषद की ओर से 'उत्तराखंड राज्य की वर्तमान दशा एवं भावी दिशा' शीर्षक पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. अनुराग शर्मा ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में स्वाति ध्यानी ने प्रथम, अंजलि रावत ने द्वितीय, औररिया कुकरेती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रियंका जोशी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक परिषद की संयोजक डॉ. गीता रावत शाह, डॉ. [illegible], डॉ. संदीप कुमार, डॉ. विनय देवराला, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. इंदु मलिक, डॉ. कुमार [illegible] सिंह, गौरव जैन, डॉ. कपिल, डॉ. उषा [illegible] सिंह और सतीश चंद्र पोखरियाल आदि उपस्थित रहे।



राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार में पलायन विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रतिभागी। अमर उजाला

## पहाड़ों में सुविधाएं जुटाने से रुकेगा पलायन

कोटद्वार। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में 'उत्तराखंड के विकास में पलायन एक मुख्य बाधा है' विषय पर एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 32 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर पर्वतीय क्षेत्र के ग्रामीणों की पीड़ा को उजागर किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. [illegible] कुकरेती, डॉ. महेश मौर्य और डॉ. [illegible] की ओर से दिए गए अंकों के आधार पर एमए के छात्र पीयूष घुड़ियाल ने प्रथम, बीएड की छात्रा दिव्यांशी देवरानी ने द्वितीय और बीएससी के छात्र मोहम्मद फरीदीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की संचालिका वाणिज्य संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति रानी ने कहा कि उत्तराखंड में शिक्षा रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में पलायन हो रहा है। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर सीमा चौधरी, डॉ. अंबिका [illegible], रचना पाल, डॉ. सुनील कुमार, प्रो. पीयूष [illegible], डॉ. भगवान सिंह रावत, डॉ. रोशनी असवाल आदि मौजूद थे। संवाद

## कैरम में सुजल और शतरंज में गौरव प्रथम

सतपुली। राजकीय महाविद्यालय सतपुली में उत्तराखंड महोत्सव के तहत शतरंज, कैरम और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य [illegible] ने बताया कि शतरंज में गौरव ने पहला, सुजल ने दूसरा और ऋषभ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कैरम प्रतियोगिता में सुजल ने प्रथम, गौरव ने द्वितीय और सचिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में अनुष्का, तनु और कनिका पहले तीन स्थान पर रहे। संवाद




# महाविद्यालय के छात्रों ने शहर में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**लोक संहिता प्रतिनिधि**

कोटद्वार। उत्तराखंड राज्य के 21वें स्थापना दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में छात्र- छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को संबोधित करते हुए डॉ0 अनुराग अग्रवाल द्वारा मतदान संबंधी विभिन्न जानकारियां दी गई। प्रभारी प्राचार्य प्रो0 सीमा चौधरी द्वारा छात्र-छात्राओं से शब्दों में अपने मतदान पहचान पत्र को अवश्य बनाने तथा मतदान करने की अपील की गई। डॉ0 किशोर चौहान द्वारा रैली को मतदान संबंधित विभिन्न जानकारियां देते हुए शहर वासियों को रैली में नारों द्वारा जागरूक करने का संदेश देने का आह्वान किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। छात्र-छात्राओं की रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अपने नारों के माध्यम से शहर वासियों को मतदान के लिए आग्रह किया गया। रैली में डॉ0 संतोष गुप्ता, रंजना सिंह, अर्चना वालिया तथा मुख्य कार्यक्रम अधिकारी किशोर चौहान उपस्थित रहे।



देहरादून | बुधवार, 12 जनवरी 2022

शिविर में लोकनृत्य की प्रस्तुति की तैयारी करते एनसीसी कैडेट्स। संवाद

## स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान

कोटद्वार। 31-यूके बटालियन की ओर से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में चल वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन मंगलवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर शिविर के दौरान हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। समापन समारोह में बटालियन के एडम आफिसर कर्नल दीप राना ने कैडेट्स को भारतीय सेना में सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कैडेट्स को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस मौके पर ड्रिल, भाषण, लोकगीत, लोकनृत्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं और शिविर के बेस्ट परफॉर्मर रहे कैडेट्स को मेडल व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में 146 कैडेट्स, 2 एनएसओ, 2 सीटीओ, 11 पीआई ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर डॉ. देवेंद्र चौहान, विनोद शर्मा, चित्रा नेगी, सूबेदार राम बहादुर गुरुंग, सूबेदार मुकेश चंद्र, हवलदार सुनील नेगी, लेखाधिकारी संतोष भट्ट, विपिन, मुन्ना आदि मौजूद रहे। संचालन एनसीसी आफिसर आशीष खकवाल ने किया। संवाद

# हिमालय दिवस पर ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**शहा टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार** । हिमालय दिवस के अवसर पर डॉक्टर पितांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में हिमालय संरक्षण की शपथ ली गई। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने अपने संदेश में कहा कि हिमालय संपूर्ण विश्व की धरोहर है जिसका संरक्षण किया जाना अति आवश्यक है ।प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने समस्त विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों का आह्वान किया कि हमें प्रतिदिन अपनी दैनिक व्यवहार में इको फ्रेंडली आदतों को बनाने की आवश्यकता है । प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पवार ने वृक्षारोपण करके कार्यक्रम को प्रारंभ किया । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वच्छ भारत अभियान के संयोजक डॉक्टर किशोर चौहान ने कहा कि हिमालय में अनियोजित विकास के कारण अनेक प्रकार की जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण, प्राकृतिक आपदाओं की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। हिमालय संरक्षण के लिए वृक्षारोपण एवं वनों का संरक्षण अति आवश्यक है । जिसमें विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है विद्यार्थियों को अपने विद्यार्थी जीवन में 10 पौधे रोपने चाहिए और उनका संरक्षण भी करने का संकल्प लेना चाहिए । इस अवसर पर कॉमर्स विभाग प्रभारी डॉ प्रीति रानी, अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष डॉ वंदना चौहान, रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ सुषमा भट्ट, डॉ अजीत सिंह, राष्ट्रीय सेवा कार्यक्रम अधिकारी डॉ अर्चना रानी, रेड रिबन क्लब सचिव डॉक्टर सरिता चौहान, स्वच्छ भारत समिति के सदस्य संस्कृत विभाग की प्रभारी डॉक्टर अरुणिमा मिश्रा, गृह विज्ञान विभाग प्रभारी डॉक्टर सीमा कुमारी, वनस्पति विज्ञान की डॉक्टर प्रीति खंडूरी, अभिभावक संघ के सचिव डॉक्टर भागवत रावत एवं डॉक्टर शशि बाला उनियाल उपस्थित रहे।

NSS FOUNDATION DAY



STATE FOUNDATION DAY



A DEBATE PROGRAMME ON STATE FOUNDATION DAY

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार 9/11/2021

आवश्यक सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि 21वें उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित उत्तराखण्ड महोत्सव कार्यक्रम में दिनाँक 12/11/2021 को एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसका शीर्षक है "उत्तराखण्ड के विकास में पलायन एक मुख्य बाधा है।" प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक छात्र/छात्राएं वाणिज्य विभाग में डॉ० प्रीति रानी, डॉ० अंबिका बंसल, डॉ० रचना पाल अथवा अपने विभाग प्रभारी के पास नाम लिखवाना सुनिश्चित करें। प्रतियोगिता 12.11.2021 को 12.00 – 1.30 [बजे] तक कक्षा संख्या 01 में आयोजित की जायेगी।

9.11.2021
डॉ० प्रीति रानी

STATE FOUNDATION DAY



ESSAY COMPETETION ON STATE FOUNDATION DAY




# <u>डॉ. पी.द.ब.हि. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार(गढ़वाल)</u>

*आवश्यक सूचना* *दिनांक : 09/11/2021*

महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उत्तराखंड राज्य के 21वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम **"उत्तराखंड महोत्सव"** के तत्वावधान में दिनांक 11-11-2021 को प्रातः 11:00 बजे से शारीरिक शिक्षा विभाग के बैडमिंटन हाल में महिला व पुरुष एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अत: इच्छुक छात्र- छात्रा उक्त तिथि को प्रात: 10:00 बजे अपनी फीस रसीद के साथ अपना नाम डॉ. हीरा सिंह,प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा के पास लिखवा दें।प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को यथा समय पुरस्कृत किया जायेगा।

नोट: सभी खिलाडी खेल किट में ही प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, बिना किट के किसी को भी प्रतिभाग नहीं करने दिया जायेगा।

डॉ. संजीव कुमार
प्रभारी शारीरिक शिक्षा


डॉ.पी.द.ब.हि. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कोटद्वार,गढ़वाल
“21वां उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस ”
09 नवम्बर 2021
को
उत्तराखंड महोत्सव के अंतर्गत आयोजित व्याख्यान
उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना : दशा एवं दिशा
द्वारा
डॉ.जुनीष कुमार एवं डॉ.संजीव कुमार

STATE FOUNDATION DAY



A POSTER COMPETETION ON WORLD SCIENCE DAY



A POSTER COMPETETION ON WORLD SCIENCE DAY

# राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर मॉडल व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**लोक संहिता प्रतिनिधि**



कोटद्वार। डॉक्टर पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के बायोटेक विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष में पोस्टर व मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता का विषय था-जैविक हथियार।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया व कार्यशील मॉडल एवं पोस्टर प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर सीमा चौधरी ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही डॉक्टर सीवी रमन द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्धियों को बताया एवं छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर व मॉडल को सराहा। वहीं बायोटेक विभाग की समन्वयक डॉक्टर सुनीता नेगी ने जैविक हथियार के दुरुपयोग व उसमें प्रयोग होने वाले सूक्ष्मजीवी व उनसे होने वाले रोगों के बारे में विस्तार से बताया और साथ में यह भी बताया कि जैविक हथियारों का उपयोग पूरे विश्व के लिए घातक है। इस दौरान मॉडल प्रतियोगिता में राहुल ने प्रथम, अंशिका ने द्वितीय एवं दीपशिखा, शिवानी, कलावती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया व पोस्टर प्रतियोगिता में गुंजन, मानसी एवं आकाश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर बायोटेक विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर सुनैना शर्मा, प्रियंका डोभाल, आशीष चार्ल्स, विमल त्यागी, जागृति चौहान, अंजलि व सहायक राकेश कुमार एवं कमलेश उपस्थित रहे।

VOTER AWARNESS RALLY






A CHART COMPETETION ON WORLD ENVERIONMENT DAY



INFORMATION ABOUT CONFERENCE

# कार्यालय प्राचार्च, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## कोटद्वार (गढवाल)–246149

### सूचना

दिनॉक 22/11/2021

महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनॉक 23/11/2021 को प्रातः 11:30 बजे से विचार गोष्ठी होना सुनिश्चित की गई है, जिसका शीर्षक **"सशक्त लोकतन्त्र में युवा मतदाताओं का निर्वाचन प्रक्रिया में समावेश"** ।

अतः समस्त छात्र/छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

**स्थान– बायोटेक हॉल**

22/11/2021

प्राचार्य

रा0स्ना0महा0कोटद्वार

(गढ़वाल)

संयोजक

डॉ0 अजीत सिंह

डॉ0 रंजना सिंह

LECTURE ON SCIENCE DAY IN DEPARTMENT OF BIOTECHNOLOGY



BEE KEEPING




डॉ. पी. द. ब. हि. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार
मुख्यमंत्री नवाचार योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में प्रस्तावित शोध एवं विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत शीर्षक "मधुमक्खी पालन" हेतु छात्र छात्राओं के कार्य समूह(Action Group) का गठन किये जाने हेतु इच्छुक प्रतिभागी नीचे दिए गए लिंक पर नामांकन करना सुनिश्चित करें।
रजिस्ट्रेशन लिंक: https://forms.gle/PZHxiZhtZQxEK6WTA
प्रोफेसर जानकी पंवार
(प्राचार्य)
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार
डॉ. सुनीता नेगी
(नोडल अधिकारी)
शोध एवं विकास पाठ्यक्रम
सम्पर्क सूत्र:
8630502603
मुख्य बिंदु:-
* निशुल्क प्रशिक्षण
* क्षेत्र भ्रमण
* राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन
* रोजगार परक प्रशिक्षण
"सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा"




UNITED
STATES







## AJADI KA AMRIT MAHOTASV

### आजादी का अमृत महोत्सव (नुक्कड़ नाटक)

**दिनांक: 12/03/2021**

#आजादीके75साल

डॉ0 पि0 द0 ब0 हि0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में आज प्राचार्या प्रो॰ जानकी पंवार ने बताया की भारतीय स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर "आजादी का अमृत महोत्सव" आयोजित किया जा रहा है जिसका शुभारंभ आज दिनांक 12 मार्च 2021 को एनसीसी कैडेट के द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति से किया गया। प्राचार्या प्रो जानकी पंवार ने बताया कि 04 अप्रैल तक "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

महाविद्यालय की एनसीसी प्रभारी डॉ॰ तनु मित्तल ने बताया की "आजादी का अमृत महोत्सव" के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा कॉविड-19 के नियमों का पालन करते हुए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने कोटद्वार शहर के घराट चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा **"बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ"** विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के तहत एनसीसी कैडेटों द्वारा घराट चौराहे पर सफाई अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि (रिटायर्ड) डी॰आई॰जी॰ सी॰आर॰पी॰एफ॰ श्री जे॰ एस॰ नेगी ने भी कैडेट्स की प्रस्तुति की सराहना करते हुए इसी लगन के साथ भविष्य में कार्य करने की प्रेरणा दी। आपने सभी एनसीसी कैडेट के साथ अपने पूर्व की सेवा के अनुभवों को साझा किया। साथ ही उन्होंने राष्ट्र की सेवा के लिए युवाओं का आह्वान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ॰ के॰एस॰ नेगी द्वारा मुख्य अतिथि श्री जे॰ एस॰ नेगी का विस्तृत परिचय दिया गया साथ ही साथ आपने एनसीसी कैडेट को इसी लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक में कैडेट अंजलि नेगी, मेहुला, प्राची, प्राची असवाल, काजल, रूपाली, कुमकुम, अनेता, अलका, तान्या, रक्षा, ओमन, सुमित, शूरुति, चारु, सिमरन, देवनाशी, अनामिका, अनन्या, हिमांशी, दिवांशु, आकाश, साहिल, हर्षित, रक्षा रावत,एनसीसी





A SEMINAR BY NASHA MUKTI CLUB



INTERNATIONAL WOMEN DAY

## डॉ.पी.द.ब.हि.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,कोटद्वार
(गढ़वाल)
**राजनीति विज्ञान विभाग**

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस " भारतीय गणतंत्र के 72 साल और महिला सशक्तिकरण "




राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार, गढ़वाल में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि 08 मार्च को **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस** के अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता जिसका शीर्षक **" भारतीय गणतंत्र के 72 साल और महिला सशक्तिकरण "** का आयोजन **कक्ष संख्या 01 में प्रातः 11:00** बजे किया जायेगा। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को यथा समय पुरुस्कार तथा प्रमाण-पत्र प्रदान किये जायेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए छात्र-छात्राएं अपने आई कार्ड के साथ राजनीति विज्ञान विभाग में डॉ.संजीव कुमार के पास दिनांक 6मार्च को दोपहर 2:00बजे तक अपना नाम लिखवा दें।

नोट: समय सीमा 5 मिनट

| प्रो० जानकी पंवार | डॉ० सीमा चौधरी | डॉ० संजीव कुमार | डॉ० अजीत सिंह |
|---|---|---|---|
| **प्राचार्य** | **विभाग प्रभारी** | **संयोजक** | **समन्वयक** |


डॉ० पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कोटद्वार, गढ़वाल (उत्तराखण्ड)
राजनीति विज्ञान विभाग
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता
'भारतीय गणतंत्र के 72 साल और महिला सशक्तिकरण'
Happy Women's Day
She gave life. She is a wife.
She is a mother and she is a friend.
She is a sister a survivor to the end.

ROAD SAFETY WEEK

